an>

Title: Need to start MEMU trains from Gonda Junction to Lucknow Junction in Uttar Pradesh.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गोंडा) : अध्यक्ष महोदया, इस सदन के माध्यम से मैं अपने संसदीय क्षेत्र में स्थित गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन से लखनऊ तक के लिए जो एक इलैक्ट्रिक मेमू ट्रेन का संचालन होना है, उसकी तरफ आदरणीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। महोदया, गोंडा जिला कार्यालय भी है और हमारे देवीपाटन मंडल का मुख्यालय भी है। प्रति दिन हज़ारों की संख्या में रेल यात्री गोंडा से लखनऊ और लखनऊ से गोंडा हज़ारों की संख्या में जाते हैं। वहाँ उनका हाई कोर्ट से सम्बन्धित काम रहता है, चिकित्सा का काम रहता है, ऑफिशियल वर्क भी रहता है और बिजनेस भी रहता है। लखनऊ से गोंडा जंक्शन तक जो रेलवे लाइन है, उसका विद्युतीकरण भी हो चुका है। यह विद्युतीकरण हुए करीब एक साल का समय हो गया है। इस पर इलेक्ट्रिक रेलवे गुड्स बराबर चल भी रही है।

महोदया, मेमो ट्रेन का संचालन लखनऊ से बाराबंकी तक ऑलरेडी हो रहा है, वहाँ से गोंडा की दूरी मात्र सौ किलोमीटर है। बार-बार रेलवे के अधिकारी हम लोगों को बताते हैं कि मेमो ट्रेन जल्दी ही गोंडा तक आ जाएगी। आपसे निवेदन है कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय हमारे गोंडा जिले के लिए है और हजारों यात्रियों की यह बात है। अगर इस पर जल्दी से जल्दी मेमो ट्रेन का संचालन हो जाए तो हमारी रेलवेज को रेवन्यू भी मिलेगा और हमारी जनता की बहुत बड़ी परेशानी कम हो जाएगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।